कार्यालय–कुलसचिव,
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–02

संख्या 457/अदम/जी0ए0/विविध/2021 दिनांक सितम्बर 04, 2021

समस्त शिक्षकगण, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

अवगत कराना है कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डा0 राधाकृष्णन न केवल उत्कृष्ट शिक्षक थे बल्कि शिक्षा एवं दर्शन के क्षेत्र में उनका अप्रतिम योगदान रहा है, इसी क्रम में विश्वविद्यालय में कल दिनांक 05 सितम्बर 2021 को उनके उत्कृष्ट योगदान के स्मरण के रूप में शिक्षक दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों, जिनके द्वारा शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया गया है, को सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर आप सभी से अनुरोध है कि कल दिनांक 05.09.2021 को प्रातः 9:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में उपस्थित होने का कष्ट करें।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति कार्यालय को संज्ञानार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, को इस आशय के साथ कि अपने स्कूल/विभाग के समस्त शिक्षकों को उपरोक्त से अवगत कराते हुए समारोह में सम्मिलित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
5. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned by CamScanner